# Sambal College of Education
**Nawalgarh Road, Shivsinghpura, Sikar-332024(Raj.)**
**Email : sambalcollege@ymail.com Ph.:01572-248385, 9414351788**

# प्रतिवेदन
## (सत्र: 2021–2022)

महाविद्यालय में प्रति दिवस प्रातः कालिन प्रार्थना स्थल पर मॉ शारदे के पुजा अर्चना से की जाती है जिसमें प्रशिक्षणार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं मूल्य शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु राष्ट्रगान, दैनिक प्रार्थना, गायत्री मंत्र, अनमोल वचन, प्रेरक प्रसंग, समाचार वाचन, सामान्य ज्ञान के प्रश्न करवाये जाते है।

***सत्र शुभारंभ :*** महाविद्यालय में सत्र 2021–22 का शुभारंभ 21 दिसम्बर 2021 को किया गया। जिसमे कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री कमल त्रिहन ने मॉ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। बी. एड. द्वितीय वर्ष की प्रशिक्षणार्थियों ने सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गान प्रस्तुत किया एवं बी. एड. प्रथम वर्ष की नवागंतुक प्रशिक्षणार्थियों का तिलक कर स्वागत किया गया। प्राचार्या महोदया ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को महाविद्यालय की पाठ्य सहगामी क्रियाओं के महत्व पर प्रकाश डाला और अध्यक्ष महोदय ने सभी प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन किया। महाविद्यालय के प्रवक्ता श्री राधेकान्त सैनी ने स्वागत भाषण दिया। अंत में महाविद्यालय के प्रवक्ता श्री प्रकाश अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्रवक्तागण उपस्थित रहे।

***अभिनवन कार्यक्रम :*** महाविद्यालय में दिनांक 22 दिसम्बर 2021 से 31 दिसम्बर 2021 तक अभिनव कार्यक्रम का अयोजन किया गया जिसमे सभी प्रवक्ताओं ने अपने विभिन्न विषयों जैसे प्रार्थना सभा का महत्व, सूक्ष्म शिक्षण पाठ योजना, इन्टर्नशिप, वन शाला शिविर खेलकुद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, जी.एस.टी., महिला सशक्तिकरण, उपभोक्ता संरक्षण, शनिवारीय सभा, शिक्षक शिक्षा का बदलता स्वरूप, व्यावसायिक शिक्षा, क्रियात्मक शोध, मानवाधिकार, सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, भारतीय संस्कृति एवं जीवन मूल्य आदि पर व्याख्यान दिया।

***स्वामी विवेकानन्द :*** महाविद्यालय में दिनांक 11 जनवरी 2022 को स्वामी विवेकानन्द जयंती का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. मधु गढ़वाल

ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वामी विवेकानन्द पर श्री प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि स्वामी विवेकानन्द वेदान्त के विख्यात और प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु थे। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थीयों ने स्वामी विवेकानन्द दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किये।

***<u>प्रसार व्याख्यान :</u>*** महाविद्यालय में दिनांक 12 जनवरी 2022 को राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में डॉ. रामदेव आर्य के द्वारा बताया की स्वामी विवेकान्द के विचार आदर्श उनके काम करने के तरीका भारतीय युवा के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हो सकता है

***<u>गणतंत्र दिवस :</u>*** 26 जनवरी 2022 को संस्थान मे सामूहिक रूप से गणतंत्र दिवस मनाया गया जिसमें प्रशिक्षणार्थियों ने राजस्थान की संस्कृति के गीत एवं नृत्य के माध्यम से प्रस्तुति दी।

***<u>बसंत पञ्चमी</u>***

महाविद्यालय में दिनांक 05 फरवरी 2022 को बंसत पच्चमी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष श्रीमती विनोद महला ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर माँ सरस्वती को माल्यार्पण कर वदंना की गई एवं प्रशिक्षणार्थीयों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉ दी गई।

**<u>प्रसार व्याख्यान :</u>** महाविद्यालय में 12 फरवरी 2022 को शिक्षा मनोविज्ञान पर प्रसार व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें श्री गोविन्द मील ने शिक्षा मनोविज्ञान के विभिन्न पहलुओं पर व्याख्यान दिया।

***<u>सूक्ष्म शिक्षण :</u>*** प0 दी0 उ0 शेखावाटी विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमानुसार दैनिक पाठ योजना से पूर्व शिक्षण कौशलों के विकास हेतु एवं शिक्षा की गुणवत्ता के लिए बी.एड. द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों हेतु'' सूक्ष्म शिक्षण अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 10 फरवरी 2022 प्रारम्भ कर 21 फरवरी 2022 तक आंतरिक प्रायोगिक कार्य सम्पन्न करवाया गया व बी.ए. बी.एड. एवं बी.एससी. बी.एड. तृतीय व चत ुर्थ वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों हेतु सूक्ष्म शिक्षण अभ्यास का आयोजन दिनांक 14 फरवरी 2022 प्रारम्भ कर 25 फरवरी 2022 तक सम्पन्न करवाया गया।

***<u>अंतराष्ट्रीय महिला दिवस</u>*** महाविद्यालय में दिनांक 08 मार्च 2022 को अतराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. अनिता आर्य रही प्राचार्य महोदय डॉ. मधु गढ़वाल द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया अतः मुख्य अतिथि द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं महिला उत्थान का अपनी ओजस्वी वाणी से व्याख्यान प्रस्तुत किया।

आदमी ही शिक्षित होता है लेकिन जब एका औरत को शिक्षित किया जाता है तब एक पीढ़ि शिक्षित होती है

***मुक्त वायु शिविर :*** विश्व विद्यालय पाठ्यक्रम में प्रायोगिक कार्य वनशाला शिविर का आयोजन दिनांक 10मार्च 2022 से 15 मार्च 2022 तक किया गया जिसका उद्घाटन दिनांक 13 मार्च को प्रात 10 बजे किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष परतराम जी रहे शिविर उद्घाटन समारोह में शिविरार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षणार्थियों को अध्यापक शिक्षा के औचित्य पर अपने विचार प्रकट करते हुए उसमें गुणात्मक सुधार आवश्यक बताया। शिविर के दौरान श्रमदान कार्यक्रम, योगाभ्यास, सांस्कृतिक गतिविधियाँ, शिक्षाविदों द्वारा प्रसार व्याख्यान, पर्यावरण जन चेतना रैली का आयोजन किया गया। शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि श्री डॉ. जगदीश प्रसाद कड़वासरा ने अपने विचारो से प्रशिक्षणार्थियों को लाभान्वित किया। शिविरा प्रभारी द्वारा शिविर के सफल आयोजन के लिये सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

***फाल्गुन महोत्सव***

महाविद्यालय में दिनांक 15 मार्च 2022 को फाल्गुन महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें प्रशिक्षणार्थियों ने राजस्थानी गीतो व गींदड़ नृत्य कर उत्सव का लाभ उठाया।

***इन्टर्नशिप :*** बी.एड. द्वितीय वर्ष व बी.ए. बी.एड. एवं बी.एसी. बी.एड. के प्रशिक्षणार्थियों को दिनांक 22 मार्च 2022 को 16 सप्ताह के लिए राजकीय विद्यालय के लिए कार्यमुक्त किया गया।

***रविन्द्र नाथ टैगोर जयंती***

महाविद्यालय में दिनांक 07 मई 2022 को रविन्द्र नाथ टैगोर जयंती का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. मधु गढ़वाल ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रविन्द्र नाथ टैगोर पर श्री जितेन्द्र सिंह ने बताया कि रविन्द्र नाथ टैगोर एक महान शिक्षाविद् है उन्होने भारतीय शिक्षा को पुनर्जीवित किया। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत किये। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ. मधु गढ़वाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

***परशुराम जयंती***

महाविद्यालय में दिनांक 10 मई 2022 को परशुराम जयंती का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. मधु गढ़वाल ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। परशुराम जयंती पर श्री जितेन्द्र सिंह ने बताया

कि परशुराम जी ने सतयुग में सत्य के आचरण हेतू व बुराई के अन्त हेतु संघर्ष किया। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थीयों ने अपने विचार प्रस्तुत किये। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ. मधु गढ़वाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

***<u>वार्षिक परीक्षा</u>*** :

1. बी.एड. प्रथम वर्ष की वार्षिक परीक्षा 01 सितम्बर 2022 से 12 सितम्बर 2022 तक विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित करवायी गई।
2. बी.एड. द्वितीय वर्ष की वार्षिक परीक्षा 01 सितम्बर 2022 से 10 सितम्बर 2022 तक विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित करवायी गई।

Madhu

Principal
Sambal College of Education
SHIVSINGHPURA, Sikar